## चीचली क्षेत्र में फल-फूल रहा जुआ का कारोबार

**गाडरवारा, देशबन्धु।** शहर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी लंबे समय से जुआ व सट्टे का कारोबार बेखौफ संचालित हो रहा है। अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद किसी प्रकार की मुहिम नहीं चलाई जा रही है। इस कारण क्षेत्र में खुलेआम यह कारोबार खूब फलफूल रहा है।

चीचली थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम सूखाखैरी में जुए का कारोबार जोरों पर है। खासकर युवा पीढ़ी जुए और सट्टे की गिरफ्त में फंसती जा रही है। चाय पान के टपरों पर चर्चाओं का विषय बना रहता हैं। आलम तो यह है कि जुआ खेलने वाले अपने घरों पर मारपीट कर रुपयों की चोरी कर अपने शौक को पूरा कर रहे हैं। आए दिन इस तरह के मामले आते रहते है। इसके बावजूद पुलिस जुआ के कारोबारियों और इन्हें खिलाने वालों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं करती।

सूत्रों की माने तो जुए के अवैध कारोबार का एक मोटा हिस्सा जागरूको को हर दिन या हफ्ते पहुंच रहा है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को भी इस बात की पूरी जानकारी रहती है कि किस गलियां किस मोहल्ले में जुआरी जुआ खिलवा रहे हैं।

**सिर्फ छुटपुट कार्रवाई, बड़ी मछलियों को नहीं पकड़ा** - सूत्रों के मुताबिक बड़े सटोरियों का मुंबई से सीधा संपर्क रहता है। थाना क्षेत्र की पुलिस ने अभी तक छुटपुट कार्रवाई को छोड़कर किसी भी बड़े सटोरियों को नहीं दबोचा जाता।

**नजर चुराता प्रशासन** - शहर के आसपास के गांवों में चल रहे अवैध कारोबार से कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं और बर्बादी की कगार पर है। स्थिति यह है कि चीचली के आसपास के गांव जहां खुलेआम जुआ और सट्टा चल रहा है, उन गांवों के स्थानीय पुलिस कार्रवाई नहीं कर सकती क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार से प्रशासन नजर चुरा रहा है और वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह कर रहा है।

## स्मैक कारोबार के खिलाफ आज सौंपा जाएगा ज्ञापन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में स्मैक जैसे घातक नशे के कारोबार को लेकर हर वर्ग चिंतित है युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति बेहद चिंता का विषय बन गई है।

उक्त बात सुभाष पार्क में आयोजित बैठक में अनेक लोगों ने कही। बैठक में आक्रोश व्यक्त किया गया कि जिस प्रकार की कार्रवाई पुलिस प्रशासन को करना चाहिए उस प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही और जिले के कुछ भागों में पुलिस का संरक्षण नशे की कारोबारियों को प्राप्त है। बैठक में निर्णय लिया गया कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी इसका विरोध करेंगे और 5 नवंबर को दोपहर 1 बजे सुभाष पार्क पर सभी एकत्रित होकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपेंगे और लगातार क्रमबद्ध तरीके से नशे के कारोबार का विरोध किया जाएगा। लोगों ने यह भी कहा कि सभी को आगे आना चाहिए क्योंकि ना जाने कब किस परिवार का कौन सदस्य नशे की चपेट में आ जाए । अतः सभी की फर्ज है कि भी इस दिशा में आगे आए।



## क्रीड़ा एकेडमी के खिलाड़ियों द्वारा मनाई गई सामूहिक दीवाली

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विगत दिवस यूनिटी खो खो क्लब सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा संचालक प्रशांत खत्री और विवेक कहार द्वारा शहर में संचालित सभी क्रीड़ा एकेडमी के खिलाड़ियों के साथ मिलकर सामूहिक दीपावली मनाई गई। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्य अतिथि सुनील कोठारी, मनीष कटारे , परितोष दुबे, पंकज नेमा, गंगाराम विश्वकर्मा, शाकिर हुसैन, विकास सर,आनंद पटेल, राजेश स्थापक, आकाश खत्री, प्रवीण खरारे, अंकेश दुबे, अंकित घोषी, पाराशर आचार्य उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम में योगेश शास्त्री द्वारा खेल मैदान एवं खेल सामग्री का करवाया जिसके पश्चात कार्यक्रम की बेला में आतिशबाजी, संगीत आदि का कार्यक्रम हुआ।

### सार-समाचार

## भाजपा संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी संगठन चुनाव के मददेनजर जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन आज मंगलवार को दोपहर 2 बजे से भोपाल सांसद व जिला संगठन चुनाव प्रभारी आलोक शर्मा व सक्रिय सदस्यता अभियान जिला प्रभारी जोधा सिंह अटवाल की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर संबंधित पदाधिकारियो व पार्टी जनो से उपस्थिति की अपील जिलाध्यक्ष इंजी.अभिलाष मिश्रा द्वारा की गई है।

## रेवा साहित्य मंच की मासिक काव्यगोष्ठी आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** रेवा साहित्य मंच कौंड़िया की मासिक काव्य गोष्ठी मरहई माता दरबार में वरिष्ठ कवि गोविन्द गलीच के मुख्यातिथ्य व फाग कवि शंकरलाल बैरागी की अध्यक्षता मे आयोजित की गयी। माँ सरस्वती पूजन व कवि चन्द्रभान मालवीय द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना से काव्य गोष्ठीका शुभारंभ हुआ।प्रथम कवि के रूप में रविदास नवगैंया ने कबीर के दोहे कहे।वृद्ध कवि सीताराम नवगैया ने संस्कार पर केन्द्रित रचना प्रस्तुत की वहीं वरिष्ठ कवि गोविंद गलीच ने मँहगाई को लेकर कविता सुनाई।फाग कवि शंकरलाल बैरागी ने लोकशैली में रचना सुनाकर वाह-वाही लूटी वहीं नोनकरन खंगार ने सवैयों से अपने भाव प्रकट किये।वरिष्ठ कवि पी.एस.पुराणिया पांचाल ने मौसम की आपदा शब्दों में कही वहीं गोष्ठी का संचालन कर रहे कवि चन्द्रभान मालवीय ने भजन सुनाकर तालियाँ बटोरी।बृन्दावन बैरागी कृष्णा ने गौ माता की दुर्दशा को लेकर कविता सुनाने के साथ आभार प्रदर्शन किया।

## पीएमश्री कन्या नवीन की छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर के रूद्र कॉलेज मैदान पर शुरू हुई 68 वी भी राज्य स्तरीय शालेय कब्बडी प्रतियोगिता के उदघाटन कार्यक्रम मे प्राचार्य श्रीमती आरती पाठक एवं मार्गदर्शी शिक्षक श्रीमती श्वेता सेन के कुशल निर्देशन मे पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन उमा विद्यालय की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना, सरस्वती वंदना एवं मप्र लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति आकर्षण का केंन्द्र रही। इस प्रस्तुति मे अनामिका जाटव, हिमानी जाटव, सीता जाटव, अंजलि जाटव, प्रगति ठाकुर, पारुल ठाकुर, राजनंदिनी चौधरी, सोनम कौरव, सरिता कहार, अंशिका कुर्मी, निर्मला धानक, शिबानी अहिरवार आदि की सहभागिता रही।

## भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव समारोह 10 नवम्बर को

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जिला कलचुरी कलार समाज, नरसिंहपुर के आयोजन एवं कलचुरी कलार समाज गाडरवारा के संयोजन में भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की जन्मोत्सव 10 नवम्बर को भव्य रूप से स्थानीय सुखदेव भवन में मनाया जायेगा। जिसमें प्रदेश के सामाजिक संत, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं जिले के समस्त तहसील, नगर एवं ग्राम के कल्चुरीजन उपस्थित होगे। साथ ही जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित है। जिसमें जो भी विद्यार्थी वर्ष 23-24 में कक्षा 10वीं और 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए हो वह अपनी मार्कशीट जिला युवा कल्चुरी कलार समाज के जिलाध्यक्ष आशीष राय, नरेन्द्र महाराज सिंह राय,अखिलेश राय युवा मंडल संरक्षक को सिर्फ नरसिंहपुर जिले के निवासरत विद्यार्थी अपनी मार्कशीट, पता और मोबाइल नंबर दिनांक 7 नवम्बर तक भेज सकते है।

## सत्संग से संभलता जीवन : अजय शास्त्री

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में पंडित अजय शास्त्री ने श्रवण कराया की प्राणी मात्र को सदैव सत्संग करना चाहिए। सत्संग पारसमणि का खजाना होता है सत्संग से जीवन संभल जाता है मनुष्य जीवन में चार प्रकार की



चिकित्सा है शरीर मन बुद्धि और आत्मा अर्थात आत्मा की चिकित्सा से ही व्यक्ति भवसागर पार हो सकता है और आत्मा की चिकित्सा सत्संगी ही है अर्थात भागवत का अर्थ होता है । भगवत्ताह पूर्वोत्तम आईटीआई भागवत हम भगवान के हो जाएं और भगवान की जब होंगे जब हम सत्संग करेंगे सत्संग से ज्ञान होगा ज्ञान से हृदय में भक्ति का प्रकट होगा और भक्ति होगी तो हम परमात्मा का भजन करेंगे और भजन रूपी नौका का आश्रय लेकर के भवसागर पार हो गए। इसलिए सभी धर्म अनुरागियों से निवेदन है सत्संग पारसमणि का खजाना है प्राणी मात्र को मनुष्य मात्र को सदैव भगवत स्मरण करना चाहिए।

## भाईदूज पर परंपरागत रूप से हुआ मढ़ई मेले का आयोजन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** रविवार को इतवारा बाजार में भाईदूज पर विगत वर्षों की भांति एसआर चौधरी एवं एसएल चौधरी परिवार द्वारा परम्परागत ढंग से मढ़ई मेले का आयोजन किया गया ।

यह परम्परा उनके पुर्वजों द्वारा प्रारंभ की गई थी। जिसे चौधरी परिवार आज भी निभा रहा हैं। इस मढ़ई मेले में चंडी माता की विधिवत पूजा की गई। नरसिंहपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए यादव समाज के लोगों द्वारा मनमोहक दिवाली नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में भंडारा का आयोजन किया गया।

ज्ञातव्य हो कि यह मढ़ई की परम्परा अब लुप्त होती जा रही है, ऐसे में यह परिवार इस परम्परा को आजभी जीवित रखने का काम कर रहा है।

## भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती आठ को

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलार समाज नरसिंहपुर की बैठक हुई जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 8 नवंबर को हमारे अराध्य देव राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जन्म जयंती समारोह का आयोजन भव्य रूप में मनाया जाये। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि जयंती तुलसी मानस प्रतिष्ठान सदर मंदिर प्रांगण में आयोजित होगी । जयंती के दिन भव्य विशाल वाहनों की रैली निकाली जाएगी सदर मंदिर से चालू होकर शहर का भ्रमण करते हुए तुलसी मानस प्रतिष्ठान सदर मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी। जिसमें समस्त पुरुष, महिला, युवा अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

इसके बाद भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन का पूजन किया जाएगा। सामाजिक जनों द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी के जीवनकाल पर प्रकाश डाला जायेगा, उद्बोधन भी होगा। इसी क्रम में शहर महिला मंडल द्वारा बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। युवाओं द्वारा अच्छी सोच के विचार प्रकट किए जायेंगे। 80 वर्ष तक के समस्त पुरुष/महिला वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा। निवेदन है कि अपने घर के बुजुर्ग के नाम हम तक पहुंचाइये। इसी क्रम में 12 वी



### आयोजन को लेकर कलार समाज की बैठक

कक्षा में जिन बच्चों ने 75 प्रतिशत अंक से अधिक प्राप्त किए हों, या अन्य कोई प्रतिभा रखते हो उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। वे सभी अपने नाम समिति तक पहुंचाइये । इसके पश्चात पुरस्कार वितरण, प्रसाद वितरण, सहभोज करने के बाद कार्यक्रम का समापन होगा। संरक्षक अनिल कुमार राय, सुन्दर राय, राधेश्याम राय अध्यक्ष सुरेश राय, महासचिव संतोष चौकसे, सचिव दीपक राय, युवा अध्यक्ष नीरज राय, महिला अध्यक्ष प्रति राय एवं समस्त कलार समाज की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सुरेश राय, अनिल राय, सुन्दर राय, संतोष चौकसे, राधेश्याम राय, नीरज राय, हिमांशु राय, हेमन्त राय, शैलेन्द्र राय, दीपक राय, के के चौकसे, कैलाश राय, मुरली राय, राजेन्द्र राय, नीलेश राय, अर्चना राय, स्वाति जायसवाल, प्रीति राय, आरती राय, ज्योत्स्ना राय सरिता राय व अन्य सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## समस्याएं हल करने का दिया आश्वासन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा वृत्त स्तर की उठाई गई कर्मचारी समस्या सुनवाई में अधीक्षण अभियंता अमित चौहान द्वारा वृत्त स्तर की कर्मचारी समस्याएं सूची वद्ध कराकर लिपिक को पत्राचार करने एवं उच्च कार्यालय से आज ही सभी समस्याओं पर कार्रवाई कर पूर्ति कराने निर्देशित किया गया।



शेष नरसिंहपुर संभाग की बड़ी संख्या में लंबित समस्याओं के निपटारे हेतु स्वयं अधीक्षण अभियंता द्वारा संभाग कार्यालय में 11 नवंबर को कार्यपालन अभियंता और जनता यूनियन के साथ बैठक कर हल कराने का आश्वासन दिया गया। द्विपक्षी चर्चा सौहार्दपूर्ण वार्ता के लिए अधिक्षण अभियंता का ओ,पी सोनी ने आभार व्यक्त किया । बैठक में वृत्त से विजय नेमा एवं जनता यूनियन की ओर से महेंद्र सिंह चौहान, रमेश श्रीवास्तव, गोविंद सोनी, शोभाराम चौधरी , शंकर लाल साहू, राम प्रसाद कहार उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय पेंशनर शिविर का शुभारंभ

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा नरसिंहपुर में दो दिवसीय पेंशनर शिविर का शुभारंभ शुभम श्रीवास्तव ब्रांच मैनेजर द्वारा एसके चतुर्वेदी कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष मप्र पेंशनर्स समाज नरसिंहपुर, शिवकुमार पटेल कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, विजय दुबे जिला सचिव, घनश्याम कुरील जिला कोषाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति में किया गया।



इस अवसर पर बैंक स्टॉफ द्वारा उपस्थित पेंशनर साथियों के जीवन प्रमाण पत्र जमा कराए गए। ब्रांच मैनेजर ने बताया कि यह दो दिवसीय पेंशनर शिविर में पेंशनर के जीवन प्रमाण पत्र जमा कराए जाएंगे। इस अवसर पर मप्र, पेंशनर्स समाज द्वारा किए जा रहे सहयोग की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

## श्रीधाम स्टेशन में आरपीएफ को रुकने कोई स्थान नही




**गोटेगांव, देशबन्धु।** श्रीधाम रेलवे स्टेशन हो या समूचे भारत का कोई भी स्टेशन हो इन सभी की सुरक्षा की जवाबदारी और जिम्मेदारी आर पी एफ की होती है परंतु जब आर पी एफ ही परेशान हो और स्टाफ को स्टेशन पर रुकने की जगह न मिले तो फिर रखवाली स्टेशन की कौन करेगा। सुरक्षा कैसे होगी। इन सभी अनुत्तरित प्रश्नों से मतलब है कि नरसिंहपुर जिला की तहसील गोटेगांव की श्रीधाम रेलवे स्टेशन का, जहां पर रेलवे स्टेशन की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगते जा रहे हैं। यहां पर स्वयंभू स्टेशन अधीक्षक रेल सुरक्षा बल आर पी एफ को रुकने के लिए रूम की चाबी ही नहीं देता जिससे श्रीधाम स्टेशन की सुरक्षा को ग्रहण लगता नजर आने लगा है। जीआरपी भी खंडहर नुमा कोठी जो अंग्रेजों के समय की बनाई गई थी वहां बसेरा कर रही है। मगर बेचारे आर पी एफ को श्रीधाम में रुकने कोई स्थान नहीं। आखिर माजरा क्या है यह समझ से परे है परंतु इतना अवश्य है कि आर पी एफ की अनुपस्थिति में स्टेशन पर अपराध दर अपराध होते ही जाते हैं कहीं झगड़ा,चोरी,शराब खोरी आदि आदि हैं जो अपराधों की श्रेणी में आते हैं परंतु यहां पर स्थाई रूप से आर पी एफ का न होना श्रीधाम स्टेशन पर यात्रियों और नगर में जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

स्मरण हो कि प्रातः स्मरणीय जगद्गुरु भगवान स्वामी श्री शंकराचार्य जी महाराज की तपोस्थली होने के कारण इस श्रीधाम स्टेशन पर दर्शनार्थियों का एवं देश विदेश से भी परमहंसी गंगा माता त्रिपुर सुंदरी और पर्वतीय श्रृंखलाओं तथा रमणीय स्थल को देखने लोगों का आना जाना वर्ष भर लगा रहता है एवं महाराजा श्री ने हो गोटेगांव स्टेशन का नाम बदलवा कर मां आदिशक्ति परम्बा श्री जी से मिलते जुलते नाम श्रीधाम से अलंकृत किया मगर ताज्जुब है कि इस श्रीधाम स्टेशन के अधिकारी और वरिष्ठ जवाबदारी अधिकारी क्यों अनदेखी कर रहे हैं। जहां पर सुरक्षा के मद्दे नजर आर पी एफ को रुकने अलग से कोई स्थान आज तक नहीं बनाया गया।जो चर्चित होता जा रहा है।और किसी कमरे में रुकने की कोई अधिकारी चाहे भी तो स्वयंभू स्टेशन प्रबंधक उसे चाबी सौंपने में आनाकानी कर रूम की चाबी देने से मना कर देते है जिससे आर पी एफ कर्मचारी समय पर होने वाली कोई अनहोनी घटना स्थल पर भी समय से नहीं पहुंचते हैं ।फिर पता चलता कि स्टाफ जांच के लिए आ रहा है।जब तक घटना घटित होने के बाद देर हो जाती हैद्व आखिर अधिकारी की ऐसी तानाशाही क्यों।क्या संबंधित अधिकारी आंख बंद करके रेल विभाग चला रहे हैं या कोई और कारण है विभाग ध्यान दे। सूत्रों से यह भी ज्ञात हुआ है कि भारत सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री महोदय ने पूरे भारत वर्ष में अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों का नवनिर्माण की घोषणा भी की थी जिसमें श्रीधाम स्टेशन को भी चुना गया। परन्तु दुर्भाग्य की बात है कि इस योजना के बाद यात्रियों में जहां इजाफा होगा तो वहीं अपराधी भी अपनी कला कौशल दिखाने में पीछे नहीं रहेंगे। फिर ऐसे में इस स्टेशन की सुरक्षा किसके हाथ होगी। परंतु देखा जा रहा है कि सुरक्षा को ही अनदेखा किया जा रहा हैं कहां है वह रेलवे के डी आर एम और डी एम एवं जवाबदार अधिकारी क्यों ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है आर पी एफ को रुकने का स्थान ।जब आर पी एफ को नजर अंदाज करोगे तो अपराधियों के हौंसले बुलंद होंगे।फिर जनता त्राहि माम करने लगेगी।हमारे गुरु जी के द्वारा किया गया स्टेशन श्रीधाम नामकरण में होने वाल8 असामाजिक गतिविधियों को नगर की जनता माफ नहीं करेगी।अच्छा होगा यदि आर पी एफ चौकी आया कार्यालय बनाया जाए।जनप्रतिनिधि और डी आर एम तथा संबंधित अधिकारी इस ओर शीघ्र ही ध्यान दें एवं आवश्यक कार्यवाही शीघ्र की जावे।

### इनका कहना है

आर पी एफ की तो स्टेशन पर सख्त आवश्यकता है परंतुरेल विभाग द्वारा आर पी एफ के लिए कोई चौकी या रुकने की व्यवस्था नहीं की गई है।पहले हम आर पी एफ को यात्रियों के प्रतीक्षालय बेटिंग हाल स्थान पर रूम की व्यवस्था कर देते थे अब हमें विभाग द्वारा मना कर दिया है कहा है की वह जो रूम है वह रिजर्वेशन यात्रियों के लिए है । रेल विभाग स्वयं आर पी एफ की व्यवस्था करे।

**विनोद शर्मा,**
स्टेशन अधीक्षक, श्रीधाम


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

**क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221**

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए